बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-527
21/10/2021

बिहार केसरी स्व0 डॉ0 श्रीकृष्ण सिंह जी की जयंती हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई

पटना, 21 अक्टूबर 2021 :— बिहार केसरी स्व0 डॉ0 श्रीकृष्ण सिंह जी की जयंती के अवसर पर राजकीय जयंती समारोह का आयोजन पटना में मुख्य सचिवालय के प्रांगण में स्थित डॉ0 श्रीकृष्ण सिंह जी की प्रतिमा स्थल के निकट की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा, शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, श्रम संसाधन मंत्री श्री जिवेश कुमार, गन्ना उद्योग एवं विधि मंत्री श्री प्रमोद कुमार, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी सहित अन्य सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी बिहार केसरी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन—सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन एवं देशभक्ति गीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

******